पंजाब केसरी 20/05/2025

# यूनिवर्सिटी ऑफ सैंट्रल अमरीका ने जी.एम.एन. कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त को प्रदान की डॉक्टर ऑफ साइंस की उपाधि

अम्बाला, 19 मई (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त को यूनिवर्सिटी ऑफ सैंट्रल अमरीका द्वारा डॉक्टर ऑफ साइंस (होनरिस कोजा) की उपाधि से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उनके उत्कृष्ट योगदान और शिक्षा के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों को देखते हुए दिया गया। डा. रोहित दत्त अपने शैक्षिक नेतृत्व और नवाचार के लिए विशेष पहचान रखते हैं और उनकी उपलब्धि शिक्षा समुदाय में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उनकी



जी.एम.एन. कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त।

डॉक्टरेट की उपाधि न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि उनके संस्थान और विद्यार्थियों के लिए भी गर्व का विषय है।

इस उपलब्धि के साथ डा. रोहित दत्त शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए इसी तरह निरंतरता से कार्य करते रहेंगे। उनकी नेतृत्व क्षमता और शैक्षिक विशेषज्ञता निश्चित रूप से आने वाले वर्षों में छात्रों और शैक्षिक समुदाय को लाभान्वित करेगी। उनकी इस उपलब्धि पर कॉलेज प्रबंधक समिति के सदस्यों ने डा. रोहित दत्त को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में कॉलेज और शिक्षक नई ऊंचाइयों को छुएंगे।